MY NET TV
निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल
डिजिटल समाचार
Saturday 14th March 2026
website: mynettv. online

# राजकीय महाविद्यालय धामी (सोलह मील) में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

धामी (सोलह मील)। राजकीय महाविद्यालय धामी, सोलह मील में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पीटीए प्रधान पवन शर्मा, उपप्रधान अनूप गुप्ता, सदस्य जगमोहन शर्मा तथा अश्विनी (पत्रकार, पंजाब केसरी), ताइकमाडो कोच भागीरथ ठाकुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात संगीत विभाग की छात्रा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ. ज्ञानचंद ने प्रस्तुत किया, जिसमें महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा विकास कार्यों की जानकारी दी गई।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों को अकादमिक, सांस्कृतिक तथा खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। बीए तृतीय वर्ष में प्रतिभा ने प्रथम स्थान, रवीना ने द्वितीय स्थान तथा अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सितार वादन में कपिल, ताइक्वांडो में अंकिता बिष्ट और भावना को रजत पदक तथा आंचल को कांस्य पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त खो-खो में महाविद्यालय की टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शैक्षिक विकास के लिए नवाचारों को अपनाने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. दिनेश शर्मा और प्रो. हेमलता शर्मा ने किया। समारोह के अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# Shimla News: धामी महाविद्यालय के समारोह में मेधावी विद्यार्थी किए गए पुरस्कृत

**समारोह में तृतीय वर्ष में 8.49 सीजीपीए अंक हासिल करने पर कॉलेज की छात्रा प्रतिभा को किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**शिमला। राजकीय महाविद्यालय धामी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शुक्रवार को मेधावियों को सम्मानित किया गया। समारोह में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रतिभा को 8.49 सीजीपीए अंक हासिल करने पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर मुख्य अतिथि रहे।**

**विशेष अतिथि के रूप में पीटीए प्रधान पवन शर्मा, उपप्रधान अनूप गुप्ता, सदस्य जगमोहन शर्मा, पत्रकार अश्विनी और ताइक्वांडो कोच भागीरथ ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ. ज्ञानचंद ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें वर्ष भर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में बीए तृतीय वर्ष से प्रतिभा, रवीना और अंकिता, वाणिज्य संकाय में बीकॉम तृतीय वर्ष की नम्रिता, हेमलता और डिंपल शर्मा को पुरस्कृत किया। विज्ञान संकाय में बीएससी द्वितीय वर्ष की अपराजिता, ओम शर्मा और खेमावती को पहले तीन**

**स्थानों पर रहने पर सम्मानित किया।**

**खेलकूद में अंकिता बिष्ट और भावना को ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने, आंचल को कांस्य पदक जीतने पर सम्मानित किया। कॉलेज की खो-खो टीम के सदस्यों को भी पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों में कपिल कपूर ने युवा उत्सव में शास्त्रीय एकल वादन में दूसरा स्थान प्राप्त किया था उन्हें भी समारोह में सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने विद्‌यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समारोह छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्‌यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश शर्मा और प्रो. हेमलता शर्मा ने किया।**